**आकाशवाणी शिमला**
**01.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे**

**बजट**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आज लोकसभा में वित्तीय वर्ष 2026–27 का आम बजट पेश किया। ये उनका रिकॉर्ड नौवां बजट है। ये बजट विशेष तौर पर क्षमता निर्माण और सुधारों पर केंद्रित है। वित्त मंत्री ने इस बजट को युवा शक्ति संचालित बजट करार दिया। उन्होंने ये भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने हमेशा सुधार और जनहित को प्राथमिकता दी है। आज पेश बजट में 6 सैक्टरों में नई पहलों का प्रस्ताव किया है। इनमें रणनीतिक क्षेत्र में विनिर्माण तेज़ करना, औद्योगिक क्षेत्रों का कायाकल्प, सूक्ष्म, लघु और मध्यम चैंपियन उद्यमों का निर्माण, बुनियादी ढांचे को सशक्त करना, दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा और स्थायित्व सुनिश्चित करना व शहरी आर्थिक क्षेत्र विकसित करना शामिल है। इस वर्ष के बजट में 17 नई दवाओं पर मूल सीमा शुल्क घटाकर शून्य कर दिया गया है। सात और दुर्लभ बीमारियों को शुल्क–मुक्त आयात सूची में शामिल किया गया है। बजट में स्मार्टफोन, माइक्रोवेव ओवन, चमड़े के उत्पाद और कई अन्य उपभोक्ता वस्तुएं भी सस्ती हो जाएंगी। बजट में सीमा शुल्क में वृद्धि के कारण इंटरैक्टिव फ्लैट पैनल डिस्प्ले और बुने हुए कपड़े महंगे हो जाएंगे। बजट में आयकर सीमा में किसी प्रकार का बदलाव नहीं किया गया है लेकिन इसे सभी स्तरों पर प्रभावी ढंग से सरल किया गया है।

**प्रधानमंत्री–केंद्रीय बजट–संदेश**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय बजट 2026–2027 को ऐतिहासिक बताया है। नरेंद्र मोदी ने एक वीडियो संदेश में कहा कि यह बजट 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं को दर्शाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह बजट देश हित में है और इससे देश के विकास को नई ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने कहा कि भारत रीफार्म एक्सप्रेस पर सवार है। नरेंद्र मोदी ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि भारत जल्द ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है और यह बजट विकसित भारत के सपने का आधार है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बजट से एमएसएमई क्षेत्र को व्यापक समर्थन मिला है। उन्होंने बजट को देश के युवाओं के लिए समर्पित और संचालित बजट भी करार दिया।

**भाजपा**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन द्वारा आज पेश आम बजट को विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला ऐतिहासिक बजट करार दिया है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि राज्यों के लिए टैक्स हिस्सेदारी में 10 प्रतिशत बढ़ौतरी से हिमाचल को आर्थिक लाभ होगा। उन्होंने बजट को नई दिशा देने वाली भी बताया।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने बजट को समाज के हर वर्ग के लिए कल्याणकारी बताया। उन्होंने कहा कि बजट में किसान–बागवान, युवा और महिलाओं सहित सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है।